**Jansatta, Delhi**
**Monday, 15th November 2021; Page: 9**
**Width: 12.90 cms; Height: 44.47 cms; a3; ID: 14.2021-11-15.60**

# बिहार सरकार से शराबबंदी समाप्त करने का आग्रह

नई दिल्ली, 14 नवंबर (भाषा)।

भारतीय मादक पेय कंपनियों के परिसंघ ने बिहार सरकार से राज्य में शराबबंदी समाप्त करने का आग्रह किया है।

परिसंघ ने एक बयान में कहा कि भारतीय मादक पेय कंपनियों के परिसंघ (सीआइएबीसी) ने बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार से राज्य में शराबबंदी समाप्त करने पर फिर से विचार करने का आग्रह किया है।

परिसंघ ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शराबबंदी के बिना महिलाओं की मदद करने के उनके घोषित लक्ष्यों को सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाने का सुझाव दिया है।

राजग के घटक दलों- जनता दल (यूनाइटेड), भारतीय जनता पार्टी, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और विकासशील इंसान पार्टी के नेताओं को लिखे अपने पत्र में सीआइएबीसी ने कहा है कि बिहार शराबबंदी नीति की भारी कीमत चुका रहा है।